सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 09 जुलाई, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने जम्मू–कश्मीर के कठुआ में आतंकवादी हमले में उत्तराखंड के पांच जवानों के शहीद होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने वीर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने शहीदों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवदेनाएं व्यक्त की हैं।

राज्यपाल ने सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें नमन किया है। उन्होंने कहा कि हमारे जांबाज जवानों ने उत्तराखंड की सैन्य परंपरा का पालन करते हुए देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। इन जवानों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है, और उनके इस बलिदान को शब्दों में बयां करना असंभव है।

............0............